AKSHANSH PUBLICATION

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# REET

## MAINS EXAM

## तृतीय श्रेणी अध्यापक मुख्य परीक्षा

# राजस्थान का भौगोलिक ज्ञान

41 जिलों एवं 7 संभाग पर आधारित

LEVEL-I (कक्षा 1 से 5 के लिए) | Level-II (कक्षा 6 से 8 के लिए)

भाग-2

इस सीरीज की सभी पुस्तकों को पढ़कर REET को प्रथम प्रयास में आसानी से crack करें

**विशेषताएँ:**

1. संपूर्ण पाठ्यक्रम एवं नवीनतम परीक्षा प्रणाली पर आधारित
2. परिक्षोपयोगी संभावित 2000+ प्रश्नोतरों का संग्रह
3. NCERT एवं RBSE की पाठ्यपुस्तकों पर आधारित पाठ्यसामग्री

MRP :₹190


सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज™

M. 9079798005, 6376491126

Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur



**श्री आनंद अग्रवाल**
निदेशक
लक्ष्य क्लासेज, उदयपुर

# दो शब्द...

प्रिय विद्यार्थियों.........

आपके समक्ष राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSMB) द्वारा आयोजित राजस्थान तृतीय श्रेणी भर्ती परीक्षा (3rd GRADE MAINS) के Level I & II हेतु सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को अलग-अलग भागों (6 भागों) के अंतर्गत प्रकाशित किया गया है। इसके तहत **भाग - 2** राजस्थान का **भूगोल की स्टडी गाइड** पुस्तक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। यह पुस्तक विद्यार्थियों की आगामी **3rd Grade Mains** परीक्षा की तैयारी को मजबूत बनाने और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से लिखी गई है। यह स्टडी गाइड पुस्तक राजस्थान 3rd Grade Mains परीक्षा के लिए गहन अध्ययन की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण नवीनतम परीक्षा पैटर्न पर आधारित है।

यह पुस्तक सम्पूर्ण नवीनतम पाठयक्रम को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिसके तहत राजस्थान का भूगोल से सम्बन्धित सम्पूर्ण पाठ्यसामग्री दी गई है। साथ ही, इस पुस्तक में सभी अध्यायों के टॉपिक अनुसार महत्त्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का भी समावेश किया गया है। इस पुस्तक को विषय विशेषज्ञों ने अपने विशिष्ट अनुभव व कौशल से तैयार किया हैं। यह पुस्तक राजस्थान 3rd Grade Mains परीक्षा के प्रतिभागियों की आगामी परीक्षा की तैयारी को मजबूत बनाने और सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से लिखी गई है, जिससे वे अपनी तैयारी के लिए एक बेहतर रणनीति तैयार कर सकते हैं।

**मार्गदर्शन- लक्ष्य क्लासेज के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के निर्देशन में।**
**पाठ्यसामग्री निर्माता- राजवर्धन बेगड़, गंगासिंह भाटी और जिज्ञासा गहलोत।**

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह पुस्तक राजस्थान Grade Mains Level I & II के अभ्यर्थियों के लिए अत्यंत लाभप्रद है।

**लक्ष्य परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।**

**आनंद अग्रवाल**
**निदेशक, लक्ष्य क्लासेज**


लक्ष्य क्लासेस ने इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। इस पुस्तक में प्रकाशित सभी प्रकार की सामग्री पूर्णतः तथ्यात्मक विश्लेषण पर आधारित है। इस पुस्तक के किसी भी भाग और सामग्री को लक्ष्य क्लासेस की अनुमति और जानकारी के बिना अन्यत्र प्रकाशित या प्रिन्ट करना अनुचित है, यदि ऐसा पाया जाता है तो व्यक्ति या संस्थान स्वयं जिम्मेदार है।

# अनुक्रमणिका



| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | राजस्थान का परिचय | 1 - 9 |
| 2. | राजस्थान का भौगोलिक स्वरूप | 10 - 26 |
| 3. | जलवायु एवं मानसून तंत्र | 27 - 38 |
| 4. | अपवाह तंत्र (नदी, झील, बांध एवं जल संरक्षण) | 39 - 53 |
| 5. | वन संपदा, जैव विविधता, वन्यजीव एवं अभयारण्य | 54 - 71 |
| 6. | मृदाएँ एवं मृदा संरक्षण | 72 - 82 |
| 7. | राजस्थान की प्रमुख फसलें | 83 - 113 |
| 8. | जनसंख्या घनत्व, साक्षरता एवं लिंगानुपात | 114 - 121 |
| 9. | राजस्थान की जनजातियाँ एवं जनजातीय क्षेत्र | 122 - 123 |
| 10. | धात्विक एवं अधात्विक खनिज | 124 - 149 |
| 11. | राजस्थान के ऊर्जा संसाधन | 150 - 166 |
| 12. | राजस्थान के पर्यटन स्थल | 167 - 174 |
| 13. | राजस्थान में यातायात के साधन | 175 - 188 |

## स्थिति व विस्तार




- राजस्थान क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे बड़ा राज्य है और यह देश के उत्तर–पश्चिम में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 3,42,239/**3,42,239.74** वर्ग किलोमीटर है, (1,32,139 वर्ग मील) जो भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41% या 1/10वाँ भाग या दसवां हिस्सा है।
- विश्व के कुल क्षेत्रफल में राजस्थान का योगदान 0.25% है।
- 1 नवम्बर, 2000 को मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ राज्य के अलग होने से राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य बना।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के पाँच बड़े राज्य क्रमशः राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और आन्ध्र प्रदेश है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि राजस्थान श्रीलंका से पाँच गुना, **स्विट्जरलैण्ड से आठ गुणा,** चेकोस्लोवाकिया से तीन गुना, इजराइल से सत्रह गुना, ब्रिटेन से लगभग दुगुना है।
- जापान, कांगो रिपब्लिक, फिनलैंड और जर्मनी के क्षेत्रफल राजस्थान के क्षेत्रफल लगभग बराबर है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान के तीन बड़े जिले –
  1. जैसलमेर 2. बीकानेर 3. बाड़मेर


**राजस्थान की ग्लोबीय स्थिति**

**अक्षांशीय स्थिति**
(अक्षांशीय दृष्टि से राजस्थान उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है।)

**देशांतरीय स्थिति**
(देशांतरीय दृष्टि से राजस्थान पूर्वी गोलार्द्ध में स्थित है।)

- ग्लोब या विश्व के मानचित्र में राजस्थान की स्थिति उत्तर–पूर्व (इशान कोण) में है।
- राजस्थान की आकृति विषम चतुष्कोणीय चतुर्भुजाकार या पतंगाकार है।
- इस आकृति के बारे में सर्वप्रथम 'टी.एच. हेंडले' ने बताया था।

### राजस्थान का अक्षांशीय एवं देशांतरीय विस्तार




- राजस्थान की उत्तर से दक्षिण लम्बाई – 826km
- राजस्थान की पूर्व से पश्चिम चौड़ाई = 869km
- लम्बाई व चौडाई का अंतर = 869 – 826 = 43km
- उ. प. से द. पूर्व का विकर्ण = 850 km
- उ.पू. से द. पश्चिम का वकर्ण = 784km
- विकर्णों का अंतर = 850 – 784km =66km
- राजस्थान का मध्यवर्ती जिला – नागौर (तहसील – मेड़ता सिटी)
- मध्यवर्ती गाँव – लाम्पोलाई गाँव
- सैटलाइट सर्वे के अनुसार मध्यवर्ती गाँव - गगराना

**राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार–**

- राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार **23°03'** उत्तरी अक्षांश से 30°12' उत्तरी अक्षांश तक है।
- **अक्षांशीय रेखाओं का उपयोग दो स्थानों के बीच की दूरी ज्ञात करने व जलवायु के निर्धारण में किया जाता है।**
- राजस्थान का अक्षांशीय विस्तार 7°9' अक्षांशों के मध्य है।
- राजस्थान की उत्तर से दक्षिण लम्बाई 826 किलोमीटर है।
- राजस्थान का उत्तरतम बिन्दु कोणा गाँव (श्रीगंगानगर) है।
- राजस्थान का दक्षिणतम बिन्दु बोरकुण्ड (बाँसवाड़ा) है।


**अक्षांश (Latitude) –** पृथ्वी पर अक्षांश एक काल्पनिक रेखाएँ हैं जो ग्लोब पर आड़ी या पूर्व से पश्चिम खींची गयी हैं।

- भूमध्य रेखा/विषुवत वृत्त/वृहद् वृत्त (कुल लम्बाई–40,076 किमी.) यह पृथ्वी पर खींचा जा सकने वाला सबसे बड़ा वृत्त हैं, जो पृथ्वी को दो बराबर भागों में विभाजित करता है, इसके उत्तरी भाग को उत्तरी गोलार्द्ध और दक्षिणी भाग को दक्षिणी गोलार्द्ध कहते हैं।
- ग्लोब पर कुल अक्षांश रेखाओं की संख्या – 179
- ग्लोब पर कुल अक्षाशों की संख्या – 181
- दो अक्षांश रेखाओं के मध्य दूरी – 111.13 किमी.

**राजस्थान का देशांतरीय विस्तार –**

- राजस्थान का देशान्तरीय विस्तार 69°30′ पूर्वी देशांतर से 78°17′ पूर्वी देशांतर तक है।
- राजस्थान का देशांतरीय विस्तार 8°47′ देशांतरों के मध्य है।
- राजस्थान की पूर्व से पश्चिम चौड़ाई 869 किलोमीटर है।
- राजस्थान का पूर्वी बिन्दु सिलाना गाँव (धौलपुर) है।
- राजस्थान का पश्चिमी बिन्दु कटरा गाँव (जैसलमेर) है।

**पृथ्वी पर अक्षांशीय व देशान्तरीय रेखाओं का जाल**





**देशान्तर (Longitude) –** ग्लोब पर उत्तर से दक्षिण की ओर खींची जाने वाली काल्पनिक रेखाएँ 'देशान्तर रेखाएँ' कहलाती हैं। दो देशान्तरों के बीच की दूरी अंशों में मापते हैं, प्रत्येक अंश को पुन: मिनट और सैकण्ड में विभाजित किया जाता है।

- ग्लोब पर कुल देशांतर रेखाओं की संख्या – 360
- पृथ्वी की भूमध्य रेखीय परिधि लगभग 40,076 किमी. है (40,076/360 = 111.32 किमी.)
- भूमध्य रेखा पर दो देशान्तरों के मध्य लगभग 111.32 किमी. की दूरी होती है। दो देशान्तरों के मध्य का भाग गोरे कहलाता है।
- देशान्तर रेखाओं में किसी स्थान की स्थिति व समय का निर्धारण होता है।

**कर्क रेखा**

- **कर्क रेखा - 23°30 उत्तरी अक्षांश रेखा को कर्क रेखा कहते हैं। यह पृथ्वी की उत्तर अक्षांश रेखा है, जिस पर सूर्य दोपहर के समय लम्बवत् (सीधा) चमकता है, यहाँ सूर्य 21 जून को सीधा चमकता है, इसके बाद दक्षिणायन होना प्रारंभ हो जाता है।**
- **21 जून को राजस्थान में सबसे लम्बा दिन व सबसे छोटी रात होती है। कर्क रेखा पर स्थित क्षेत्रों में 21 जून को दोपहर में परछाई नहीं बनती है, इसलिए इसे 'नो शैडो जोन' कहते हैं।**
- राजस्थान का अधिकांश भाग कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है। कर्क रेखा की राजस्थान में लम्बाई लगभग 26 किमी है।
- कर्क रेखा राजस्थान के 2 जिलों से गुजरती है। कर्क रेखा बाँसवाड़ा जिले के मध्य (कुशलगढ़ तहसील) से होकर गुजरती है तथा डूंगरपुर जिले की दक्षिणी सीमा (चिखली गाँव) के पास से होकर गुजरती है।
- कर्क रेखा के सर्वाधिक नजदीक शहर- कुशलगढ़ (बाँसवाड़ा)
- कर्क रेखा के सर्वाधिक निकट जिला मुख्यालय – बाँसवाड़ा
- कर्क रेखा से सर्वाधिक दूर शहर/जिला मुख्यालय – गंगानगर
- कर्क सक्रांति / ग्रीष्म सक्रान्ति- 21 जून को कर्क रेखा पर सूर्य सीधा चमकता है।
- सूर्य की किरणों का सर्वाधिक सीधापन – बाँसवाड़ा
- सूर्य की किरणों का सर्वाधिक तिरछापन – गंगानगर
- राजस्थान में सूर्य की किरणों के तिरछापन का आरोही क्रम - दक्षिण से उत्तर की ओर
  (उदाहरण के लिए बांसवाड़ा से गंगानगर की ओर जाने पर सूर्य की किरणों का तिरछापन बढ़ता जाता है।)
- राजस्थान में सूर्य की किरणों के सीधापन का आरोही क्रम उत्तर से दक्षिण की ओर
  (उदाहरण के लिए गंगानगर से बांसवाड़ा की ओर जाने पर सूर्य की किरणों का सीधापन बढ़ता जाता है।)
- माही नदी कर्क रेखा को दो बार काटती है।
- **नोट –** भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर किरणों का तिरछापन बढ़ता जाता है व तापमान कम होता जाता है।

**प्रमुख अक्षांश –**



# राजस्थान की स्थिति, विस्तार एवं आकृति

## स्थलीय सीमा

- राजस्थान की कुल स्थलीय सीमा 5,920 किलोमीटर है, जिसमें से 1,070 किलोमीटर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा तथा 4,850 किलोमीटर अन्तर्राज्यीय सीमा है।

## अन्तर्राष्ट्रीय सीमा

- राजस्थान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पाकिस्तान के साथ लगती है, जिसका नाम 'रेडक्लिफ रेखा' है।

## रेडक्लिफ रेखा


- रेडक्लिफ रेखा एक कृत्रिम रेखा है।
- रेडक्लिफ रेखा भारत और पाकिस्तान के बीच निर्धारित की गई है।
- रेडक्लिफ लाइन का निर्धारण 17 अगस्त, 1947 को हुआ था।
- रेडक्लिफ रेखा पर भारत के 3 राज्य और 2 केन्द्र शासित प्रदेश स्थित हैं–

**तीन राज्य–**

1. पंजाब 2. राजस्थान 3. गुजरात

**दो केन्द्र शासित प्रदेश–**

1. जम्मू–कश्मीर 2. लद्दाख




- रेडक्लिफ रेखा की कुल लम्बाई 3,323 किलोमीटर है, जिसमें से राजस्थान के साथ 1,070 किलोमीटर की सीमा लगती है यानी कि कुल रेडक्लिफ का एक–तिहाई भाग राजस्थान के साथ संलग्न है।
- इस अन्तर्राष्ट्रीय रेखा का **निर्धारण** ब्रिटिश 'सर सिरिल रेडक्लिफ' के **द्वारा** किया **गया।**
- अन्तर्राष्ट्रीय रेखा की शुरुआत श्रीगंगानगर जिले के हिन्दूमल कोट से शुरू होकर भागल गाँव, **बाखासर (बाड़मेर)** तक है।

- **रेडक्लिफ रेखा–** भारत और पाकिस्तान के बीच स्थित अन्तर्राष्ट्रीय-सीमा रेखा। अगस्त, 1947 में भारत और पाकिस्तान के विभाजन के समय सीमा का निर्धारण के लिए एक सीमा आयोग बनाया गया था, जिसके अध्यक्ष सर **सिरिल** रेडक्लिफ थे।
- आयोग में कांग्रेस द्वारा मनोनित सदस्य जस्टिस मेहरचन्द महाजन और तेजसिंह थे व मुस्लिम लीग द्वारा मनोनित सदस्य दीन मोहम्मद और मोहम्मद मुनीर थे।
- रेडक्लिफ रेखा विश्व की एकमात्र अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा है जिसका निर्धारण मानचित्र पर कलम से किया गया है।
- रेडक्लिफ रेखा एन. एच. 11 व 911 के समानान्तर और पाकिस्तान की सिन्धू नदी के बहाव के समान्तर स्थित है।

- राजस्थान के 5 जिले अन्तर्राष्ट्रीय रेखा पर स्थित हैं जो कि अवरोही क्रम में इस प्रकार हैं–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जैसलमेर | - 464 |
| 2. | बाड़मेर | - 228 |
| 3. | श्रीगंगानगर | - 210 |
| 4. | बीकानेर | - 168 |
| 5 | फलोदी | - |

**नोट -**

- राजस्थान के वे जिले, जो केवल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाते हैं- (3) बीकानेर, फलोदी, जैसलमेर
- राजस्थान के वे जिले, जो अंतर्राज्यीय सीमा के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा भी बनाते हैं- (2) गंगानगर, बाड़मेर
- श्रीगंगानगर – पाकिस्तान और पंजाब के साथ
- बाड़मेर – पाकिस्तान और गुजरात के साथ
- अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के सर्वाधिक निकट जिला मुख्यालय श्रीगंगानगर है।
- सीमावर्ती जिलों में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से सर्वाधिक दूर स्थित जिला मुख्यालय - बीकानेर
- पाकिस्तान सीमा को स्पर्श नहीं करने वाले जिलों में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से सर्वाधिक दूर जिला मुख्यालय – धौलपुर
- पाकिस्तान सीमा के सर्वाधिक निकट शहर – अनूपगढ़
- अनूपगढ़ शहर भारत-पाक सीमा से 15 किमी. दूरी पर स्थित है।

**अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित संभाग- (2)**

- जोधपुर संभाग और बीकानेर संभाग।
- अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित संभागों में सर्वाधिक सीमा बनाने वाला संभाग - जोधपुर संभाग।
- अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित संभागों में न्यूनतम सीमा बनाने वाला संभाग - बीकानेर संभाग।
- अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित संभागों में सर्वाधिक निकट संभागीय मुख्यालय – बीकानेर।
- अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित संभागों में क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा संभाग - जोधपुर संभाग।
- अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित संभागों में क्षेत्रफल की दृष्टि से छोटा संभाग - बीकानेर संभाग।

| | | | |
|---|---|---|---|
| बहावलनगर | ← | गंगानगर, बीकानेर | पंजाब प्रान्त (3) |
| बहावलपुर | ← | बीकानेर, फलौदी, जैसलमेर | |
| रहीमयारखान | ← | जैसलमेर | |
| घोटकी | ← | जैसलमेर | सिंध प्रान्त (6) |
| सुकुर | ← | जैसलमेर | |
| खैरपुर | ← | जैसलमेर | |
| संघर | ← | जैसलमेर, बाड़मेर | |
| उमरकोट | ← | बाड़मेर | |
| थारपारकर | ← | बाड़मेर | |

- राजस्थान से सर्वाधिक सीमा बनाने वाला पाकिस्तान का जिला - बहावलनगर
- राजस्थान से न्यूनतम सीमा बनाने वाला पाकिस्तान का जिला- उमरकोट
- राजस्थान की अंतर्राज्यीय सीमा - 4850 कि.मी.।
- राजस्थान की सीमा 5 पड़ौसी राज्यों के 27 जिलों से लगती है।

## राजस्थान के पड़ोसी राज्य

**अन्तर्राज्यीय–सीमा–**

- राजस्थान के उत्तर में पंजाब राज्य है।
- राजस्थान के उत्तर–पूर्व में हरियाणा राज्य है।
- राजस्थान के पूर्व में उत्तर प्रदेश राज्य है।
- राजस्थान के दक्षिण–पूर्व में मध्य प्रदेश राज्य है।
- राजस्थान के दक्षिण–पश्चिम में गुजरात राज्य है।

राजस्थान की सीमा को स्पर्श करने वाले पड़ौसी राज्यों के जिले

| क्र.स. | **पड़ौसी राज्य** | **सीमा की लम्बाई** | **जिलों की संख्या** | **जिलों के नाम** | **पड़ौसी राज्य के जिलों के नाम** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब | 89 किमी. (न्यूनतम) | 2 जिले | 1. श्रीगंगानगर (सर्वाधिक)<br>2. हनुमानगढ़ (न्यूनतम) | 1. फाजिल्का (सर्वाधिक सीमा)<br>2. मुक्तसर (न्यूनतम सीमा) |
| 2. | हरियाणा | 1,262 किमी. | 8 जिले | **1. हनुमानगढ़ (सर्वाधिक)**<br>2. चूरू 3. झुंझुनूँ<br>4. सीकर<br>5. कोटपूतली - बहरोड<br>6. खैरथल – तिजारा<br>**7. अलवर (न्यूनतम)**<br>**8. डीग** | 1. सिरसा<br>2. फतेहाबाद (न्यूनतम सीमा)<br>3. हिसार<br>4. भिवानी<br>5. महेन्द्रगढ़ (सर्वाधिक सीमा)<br>6. रेवाड़ी<br>7. मेवात |
| 3. | उत्तर प्रदेश | 877 किमी. | 3 जिले | **1. डीग (न्यूनतम)**<br>**2. भरतपुर (सर्वाधिक)**<br>**3. धौलपुर** | 1. मथुरा (न्यूनतम सीमा)<br>2. आगरा (सर्वाधिक सीमा) |
| 4. | मध्य प्रदेश | 1,600 किमी. (सर्वाधिक) | 10 जिले | 1.धौलपुर 2. करौली<br>3. सवाई माधोपुर<br>4. कोटा 5. बाराँ<br>6. झालावाड़ (सर्वाधिक)<br>7. चित्तौड़गढ़<br>8. भीलवाड़ा (न्यूनतम)<br>9. प्रतापगढ़<br>10. बाँसवाड़ा | 1. मुरैना 2. श्योपुर<br>3. शिवपुरी 4. गुना<br>5. राजगढ़ 6. आगर मालवा<br>7. नीमच (सर्वाधिक सीमा)<br>8. मन्दसौर<br>9. रतलाम<br>10. झाबुआ (न्यूनतम सीमा) |
| 5. | गुजरात | 1,022 किमी. | 6 जिले | **1. बाड़मेर (न्यूनतम)**<br>**2. जालोर**<br>**3. सिरोही**<br>**4. उदयपुर (सर्वाधिक)**<br>**5. डूँगरपुर**<br>**6. बाँसवाड़ा** | 1. दाहोद<br>2. महीसागर<br>3. अरावली<br>4. साबरकांठा<br>5. बनासकांठा (सर्वाधिक सीमा)<br>6.कच्छ (न्यूनतम सीमा)। |

- राज्य के सर्वाधिक निकट स्थित बंदरगाह कांडला बंदरगाह (गुजरात) है।
- राजस्थान के चार ऐसे जिले हैं जो दो-दो राज्यों के साथ सीमा बनाते हैं-

1. हनुमानगढ़ – पंजाब और हरियाणा।
2. डीग – हरियाणा और उत्तर प्रदेश।
3. धौलपुर – उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश।
4. बाँसवाड़ा – मध्य प्रदेश और गुजरात।

- कोटा एवं चित्तौड़गढ़ राजस्थान के वे जिले है जो एक ही राज्य (मध्य प्रदेश) के साथ 2 बार सीमा बनाते है।

## राजस्थान के संभाग

**वर्तमान में राजस्थान में 7 संभाग हैं -**

1. जयपुर संभाग
2. जोधपुर संभाग
3. बीकानेर संभाग
4. कोटा संभाग
5. अजमेर संभाग
6. उदयपुर संभाग
7. भरतपुर संभाग

## राजस्थान के जिले

- वर्तमान में राजस्थान में 41 जिले हैं।
- एकीकरण के समय सबसे अन्त में सम्मिलित होने वाला जिला अजमेर था, जिसे 26 वें जिले के रूप में मान्यता मिली।

## राजस्थान में जिलों का निर्माण

| संख्या | जिले का नाम | दिनांक | किससे पृथक हुआ | मुख्यमंत्री |
|---|---|---|---|---|
| 27 वाँ | धौलपुर | 15 अप्रैल, 1982 | भरतपुर | शिवचरण माथुर |
| 28 वाँ | बारां | 10 अप्रैल, 1901 | कोटा | भैरूसिंह शेखावत |
| 29 वाँ | दौसा | 10 अप्रैल, 1991 | जयपुर | भैरूसिंह शेखावत |
| 30 वाँ | राजसमंद | 10 अप्रैल, 1991 | उदयपुर | भैरूसिंह शेखावत |
| 31 वाँ | हनुमानगढ़ | 12 जुलाई, 1994 | गंगानगर | भैरूसिंह शेखावत |
| 32 वाँ | करौली | 19 जुलाई, 1997 | सवाईमाधोपुर | भैरुसिंह शेखावत |
| 33 वाँ | प्रतापगढ़ | 26 जनवरी, 2008 | चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बाँसवाड़ा। | वसुंधरा राजे |
| 34 वाँ | बालोतरा | 07 अगस्त, 2023 | बाड़मेर | अशोक गहलोत |
| 35 वाँ | ब्यावर | 07 अगस्त, 2023 | अजमेर, पाली, राजसमंद व भीलवाड़ा | अशोक गहलोत |
| 36 वाँ | डीग | 07 अगस्त, 2023 | भरतपुर | अशोक गहलोत |
| 37 वाँ | डीडवाना-कुचामन | 07 अगस्त, 2023 | नागौर | अशोक गहलोत |
| 38 वाँ | खैरथल-तिजारा | 07 अगस्त, 2023 | अलवर | अशोक गहलोत |
| 39 वाँ | कोटपूतली-बहरोड़ | 07 अगस्त, 2023 | जयपुर व अलवर | अशोक गहलोत |
| 40 वाँ | फलोदी | 07 अगस्त, 2023 | जोधपुर | अशोक गहलोत |
| 41 वाँ | सलूम्बर | 07 अगस्त, 2023 | उदयपुर | अशोक गहलोत |

## संभागीय व्यवस्था-

- राजस्थान में संभागीय व्यवस्था का प्रारम्भ 30 मार्च, 1949 को हीरालाल शास्त्री सरकार द्वारा किया गया।
- प्रारम्भ में 25 जिले व 5 संभाग (जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, बीकानेर) थे।
- 1 नवम्बर, 1956 को राजस्थान का 26 वाँ जिला अजमेर, 6 वाँ संभाग अजमेर (जयपुर के स्थान पर) बनाया गया।
- 24 अप्रैल, 1962 संभागीय व्यवस्था बंद कर दी गई (मोहनलाल सुखाड़िया द्वारा)।
- 26 जनवरी, 1987 संभागीय व्यवस्था पुनः प्रारम्भ की गई (हरिदेव जोशी द्वारा) **तथा अजमेर को राजस्थान का छठवां संभाग बनाया।**
- **4 जून, 2005 को मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने राजस्थान का 7वाँ संभाग भरतपुर को बनाया। (भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर)**

| राजस्थान में संभाग व जिलों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | नाम संभाग | जिलों की संख्या | जिलों का नाम | विवरण |
| 1. | उदयपुर सम्भाग | 7 जिले | उदयपुर, सलूम्बर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़ | दो बार अंतर्राज्यीय सीमा बनाने वाला संभाग। |
| 2. | अजमेर संभाग | 6 जिले | अजमेर, ब्यावर, टोंक, नागौर, डीडवाना-कुचामन, भीलवाड़ा | राजस्थान का मध्यवर्ती संभाग।<br>अंतर्राज्यीय व अंतर्राष्ट्रीय सीमा नहीं बनाने वाला संभाग।<br>8 संभागों की सीमा से लगने वाला संभाग। |
| 3. | जयपुर संभाग | 7 जिले | जयपुर, दौसा, अलवर, सीकर, झुझुनू, खैरथल- तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़ | सर्वाधिक जनसंख्या व सर्वाधिक जन घनत्व वाला संभाग।<br>अनुसूचित जाति की सर्वाधिक जनसंख्या वाला संभाग। |
| 4. | जोधपुर संभाग | 8 जिले | जोधपुर, फलोदी, जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा, पाली, जालोर, सिरोही | सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला संभाग।<br>सर्वाधिक दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर वाला संभाग।<br>न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला संभाग।<br>न्यूनतम वर्षा व न्यूनतम आर्द्रता वाला संभाग।<br>सीमावर्ती संभागों में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से सर्वाधिक दूर स्थित संभागीय मुख्यालय।<br>सबसे लम्बी अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग।<br>सर्वाधिक जिलों (8) वाला संभाग। |
| 5. | कोटा संभाग | 4 जिले | कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़ | सर्वाधिक नदियों वाला संभाग।<br>सर्वाधिक शहरी जनसंख्या वाला संभाग।<br>सर्वाधिक वर्षा एवं आर्द्रता वाला संभाग।<br>राजस्थान के दक्षिणी-पूर्वी भाग में स्थित है। |
| 6. | बीकानेर संभाग | 4 जिले | बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू | न्यूनतम नदियों वाला संभाग।<br>सीमा पर स्थित सम्भागों में न्यूनतम अन्तर्राष्ट्रीय सीमा बनाने वाला संभाग।<br>अनुसूचित जाति की जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत वाला संभाग।<br>सर्वाधिक नहरों द्वारा सिंचाई वाला संभाग।<br>अन्तर्राष्ट्रीय सीमा के सर्वाधिक नजदीक संभागीय मुख्यालय।<br>अनुसूचित जनजाति न्यूनतम जनसंख्या वाला संभाग। |
| 7. | भरतपुर संभाग | 5 जिले | भरतपुर, धौलपुर, करौली, डीग, सवाईमाधोपुर | सबसे कम लिंगानुपात वाला संभाग।<br>सर्वाधिक तीन राज्यों (हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश) के साथ सीमा बनाने वाला संभाग।<br>क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा संभाग<br>सबसे नवीनतम संभाग |

♦♦♦♦♦

## अभ्यास प्रश्न

**1. भारत में राजस्थान की भौगोलिक स्थिति है-**
(a) उत्तर-पश्चिमी भाग (b) दक्षिण-पश्चिमी भाग
(c) उत्तर-पूर्वी भाग (d) दक्षिण-पूर्वी भाग

**2. विश्व में, राजस्थान किस गोलार्द्ध में स्थित है?**
(a) उत्तर-पश्चिमी गोलार्द्ध (b) उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध
(c) दक्षिण-पूर्वी गोलार्द्ध (d) दक्षिण-पश्चिम गोलार्द्ध

**3. राजस्थान आकार में ... है।**
(a) त्रिभुजाकार (Triangular)
(b) पतंग/समांतर असमचतुर्भुजाकार (Rhomboid)
(c) पंचभुजाकार (Pentagonal)
(d) षट्कोणीय (Hexagonal)

**4. राजस्थान के बारे में कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) इसका आधार विषमकोण चतुर्भुज के समान है।
(b) इसका उत्तर से दक्षिण विस्तार 869 किमी. है।
(c) इसकी स्थलीय सीमा 6920 किमी. है।
(d) इसका क्षेत्रफल 3,42.329 वर्ग किमी. है।

**5. राजस्थान राज्य का कुल क्षेत्रफल है, लगभग-**
(a) 2 लाख 24 हजार वर्ग किमी.
(b) 3 लाख 42 हजार वर्ग किमी.
(c) 4 लाख 24 हजार वर्ग किमी.
(d) 5 लाख 42 हजार वर्ग किमी.

**6. कुल भौगोलिक क्षेत्रफल की दृष्टि से देश में राजस्थान का स्थान है?**
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

**7. निम्न में से कौन-सा राज्य सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला है?**
(a) मध्यप्रदेश
(b) उत्तरप्रदेश
(c) राजस्थान
(d) महाराष्ट्र

**8. क्षेत्रफल की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान के बाद सबसे बड़ा राज्य है-**
(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्यप्रदेश
(c) आन्ध्रप्रदेश (d) महाराष्ट्र

**9. राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का है-**
(a) 10.41% (b) 11.11%
(c) 5.6% (d) 10%

**10. राजस्थान का क्षेत्रफल निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किनके क्षेत्रफल के लगभग बराबर है?**
**1. नार्वे 2. बेल्जियम 3. स्विट्जरलैण्ड 4. पोलैण्ड**

**कूट-**
(a) 1, 2, 4
(b) 1, 3
(c) 2, 4
(d) 1, 4

**11. क्षेत्रफल की दृष्टि से राज्य का सबसे बड़ा जिला है?**
(a) बाड़मेर
(b) जैसलमेर
(c) बीकानेर
(d) भीलवाड़ा

**12. राजस्थान राज्य की स्थिति एवं विस्तार के सम्बन्ध में सही कथन नहीं है?**
(a) राज्य का उत्तर-दक्षिण एवं पूर्व-पश्चिम विस्तार क्रमशः 869 किलोमीटर तथा 826 किलोमीटर है।
(b) राज्य की आकृति विषमकोण चतुर्भुज के समान है।
(c) राज्य की अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्यीय सीमाओं की लम्बाई क्रमशः 1070 किमी. तथा 4850 किमी. है।
(d) राज्य का भौगोलिक क्षेत्र भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत के बराबर है।

**13. राजस्थान का उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम विस्तार क्रमशः है-**
(a) 852 और 878 किमी.
(b) 915 और 842 किमी.
(c) 826 और 869 किमी.
(d) 834 और 887 किमी

**14. स्थान के उत्तर से दक्षिण तथा पूर्व से पश्चिम विस्तार में अन्तर है-**
(a) 41 किमी. (b) 42 किमी.
(c) 40 किमी. (d) 43 किमी.

**15. 'राजस्थान' की पूर्व से पश्चिम तक की चौड़ाई है-**
(a) 869 किमी. (b) 839 किमी.
(c) 896 किमी. (d) 890 किमी.

**16. राजस्थान के बारे में निम्नांकित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?**
(a) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार अधिक है।
(b) उत्तर-दक्षिण की अपेक्षा पूर्व-पश्चिम विस्तार कम है।
(c) इसकी कुल स्थलीय सीमा 6000 किमी. से कम है।
(d) इसका अक्षांशीय विस्तार 7 अक्षांश से अधिक नहीं है।

**17. राजस्थान की पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण चौड़ाई दर्शाने वाली दोनों रेखाएँ किस जिले में एक दूसरे को काटती हैं?**
(a) जयपुर (b) नागौर
(c) अजमेर (d) पाली

**18. राजस्थान के निम्न जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम से व्यवस्थित करें-**
**1. बूंदी, 2. अजमेर, 3. उदयपुर, 4. नागौर**
(a) 1, 3, 2, 4 (b) 1, 2, 4, 3
(c) 2, 1, 3, 4 (d) 1, 2, 3, 4

**19. श्रीगंगानगर शहर श्रीगंगानगर जिला क्षेत्र के किस भाग में स्थित है-**
(a) उत्तर (b) पूर्व
(c) मध्य (d) दक्षिण

**20. निम्न जिलों को पूर्व से पश्चिम दिशा अनुसार सुव्यवस्थित कीजिए।**
**1. करौली 2. अजमेर 3. जोधपुर 4. सवाई माधोपुर**
(a) 2, 1, 4, 3 (b) 1, 4, 2, 3
(c) 3, 1, 2, 4 (d) 1, 2, 3, 4

**21. निम्न जिलों को पूर्व से पश्चिम की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें-**
**1. बूँदी, 2. अजमेर, 3. पाली, 4. बाड़मेर**
(a) 1, 2, 3, 4 (b) 2, 1, 3, 4
(c) 1, 2, 4, 3 (d) 1, 3, 2, 4

**22. राजस्थान के जिलों को उत्तर से दक्षिण की ओर सही क्रम में व्यवस्थित करें –**
**(1) श्रीगंगानगर (ii) जालौर (ii) जोधपुर (iv) बीकानेर**
**कूट-**
(a) (ii), (i), (iii), (iv) (b) (i), (ii), (iii), (iv)
(c) (i), (iv), (iii), (ii) (d) (ii), (iv), (iii), (i)

**23. रामदेवरा, जैसलमेर जिला मुख्यालय से किस दिशा में स्थित है?**
(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) पश्चिम (d) पूर्व

**24. राजस्थान के नक्शे पर निम्न में से कौन-सा सुदूर दक्षिण में स्थित है।**
(a) मेड़ता सिटी (b) सोजत
(c) मारवाड़ जंक्शन (d) राजसमन्द

**25. निम्नलिखित में अधिकतम भौगोलिक दूरी वाला समूह कौन-सा है?**
(a) जयपुर-जोधपुर (b) जयपुर कोटा
(c) जयपुर-बीकानेर (d) जयपुर-उदयपुर

**26. राज्य की कुल स्थलीय सीमा की लम्बाई है ?**
(a) 5091 किमी. (b) 5920 किमी.
(c) 5290 किमी. (d) 5090 किमी.

**27. राजस्थान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई है-**
(a) 1070 किमी.
(b) 970 किमी.
(c) 1170 किमी.
(d) 870 किमी.

**28. पाकिस्तान के साथ राजस्थान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा को क्या कहा जाता है?**
(a) डूरंड लाइन (b) मैकमोहन लाइन
(c) रेडक्लिफ लाइन (d) इनमें से कोई नहीं

**29. निम्नलिखित में से किस जिले में अन्तर्राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सीमा दोनों हैं?**
(a) हनुमानगढ़
(b) बाड़मेर
(c) जालौर
(d) बीकानेर

**30. रेडक्लिफ रेखा का राजस्थान में विस्तार है-**
(a) हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से बाखासर (बाड़मेर) तक
(b) कोणागाँव (गंगानगर) से शाहगढ़ (जालौर) तक
(c) हिन्दुमलकोट (गंगानगर) से शाहगढ़ (जालौर) तक
(d) कोणागाँव (गंगानगर) से बाखासर (बाड़मेर) तक

**31. राजस्थान के जिलों में किसकी सीमा पाकिस्तान से नहीं लगती है?**
(a) श्रीगंगानगर (b) जोधपुर
(c) जैसलमेर (d) बाड़मेर

**32. इनमें से राजस्थान के किस जिले की सीमा पाकिस्तान से नहीं मिलती है?**
(a) बाड़मेर (b) बीकानेर
(c) गंगानगर (d) हनुमानगढ़

**33. निम्न में से राजस्थान का कौन-सा शहर पाकिस्तानी सीमा के निकट है?**
(a) बीकानेर (b) जैसलमेर
(c) गंगानगर (d) हनुमानगढ़

**34. निम्न में से कौन-सा जिला मुख्यालय राजस्थान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा रेखा से भौगोलिक रूप से सबसे दूर स्थित है?**
(a) गंगानगर (b) बीकानेर
(c) जैसलमेर (d) बाड़मेर

**35. राजस्थान राज्य की सर्वाधिक लम्बी सीमा किस राज्य के साथ है?**
(a) उत्तरप्रदेश (b) पंजाब
(c) हरियाणा (d) मध्य प्रदेश

**36. निम्न में से राजस्थान के किस जिले की सीमा मध्य प्रदेश से संयुक्त है?**
(a) भरतपुर (b) डूंगरपुर
(c) सिरोही (d) झालावाड़

**37. जिस राज्य के साथ राजस्थान की सबसे छोटी अन्तरराज्यीय सीमा है, वह है-**
(a) गुजरात (b) मध्यप्रदेश
(c) हरियाणा (d) पंजाब

**38. राजस्थान के जिस जिले की सीमा अन्तर्राज्यीय व अन्तर्राष्ट्रीय दोनों है, वह है-**
(a) जैसलमेर (b) गंगानगर
(c) बीकानेर (d) झालावाड़

**39. राजस्थान का वह जिला जिसकी सीमा गुजरात व पाकिस्तान से मिलती है-**
(a) बाड़मेर (b) जालोर
(c) जैसलमेर (d) सिरोही

**40. राजस्थान व........ की सीमा पर 'भवानीमण्डी' रेल्वे स्टेशन स्थित है**
(a) पंजाब (b) मध्यप्रदेश
(c) हरियाणा (d) उत्तरप्रदेश

**41. राजस्थान के उन जिलों के नाम बताइये जिनकी सीमा भारत के किसी भी राज्य व अन्य देश से नहीं लगती है?**
(a) जयपुर, भरतपुर, जैसलमेर, दौसा, नागौर, टोंक, बाँसवाड़ा, राजसमंद व अजमेर
(b) जोधपुर, पाली, दौसा, नागौर, टोंक, बूँदी, राजसमंद व अजमेर
(c) उदयपुर, जोधपुर, पाली, श्रीगंगानगर, नागौर, टॉक, बूँदी, बीकानेर व अजमेर
(d) सीकर, झुंझुनूं, पाली, दौसा, डूंगरपुर, टोंक, बूँदी, राजसमंद व अजमेर

**42. निम्नलिखित में से वह कौन-सा जिला है जो राजस्थान की किसी भी राज्य व अन्य देश के साथ सीमा रेखा नहीं बनाता?**
(a) बाड़मेर
(b) बीकानेर
(c) जैसलमेर
(d) जोधपुर

**43. राजस्थान का वह जिला जिसका भौगोलिक एवं सामाजिक वातावरण/पर्यावरण तथा राजनैतिक सीमा उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश से मिलती है, वह है-**
(a) करौली (b) धौलपुर
(c) भरतपुर (d) सवाईमाधोपुर

**44. राजस्थान का सबसे पूर्वी जिला है?**
(a) भरतपुर (b) धौलपुर
(c) अलवर (d) दौसा

**45. निम्नलिखित में से कौन-सी तहसील राजस्थान के दक्षिणतम भाग में स्थित है?**
(a) कुशलगढ़ (b) घाटोल
(c) बागीदोरा (d) गढ़ी

**46. सवाई माधोपुर जिले की सीमा राजस्थान के किस जिले से नहीं लगती है?**
(a) धौलपुर (b) दौसा
(c) कोटा (d) टोंक

**47. कर्क रेखा राजस्थान के किन जिलों से होकर गुजरती है?**
(a) बारां व झालावाड़ (b) बाड़मेर व चूरू
(c) बाँसवाड़ा व डूंगरपुर (d) बूंदी व भीलवाड़ा

**48. 'कर्क रेखा' राजस्थान के किस भाग से गुजरती है?**
(a) उत्तर (b) दक्षिण
(c) मध्य (d) पूर्वी

**49. राजस्थान के जिस जिले में सूर्य किरणों का तिरछापन सर्वाधिक होता है वह जिला है-**
(a) बाँसवाड़ा (b) जैसलमेर
(c) श्रीगंगानगर (d) धौलपुर

**50. 21 जून, को सूर्य राजस्थान के किस जिले में लम्बवत् चमकता है?**
(a) गंगानगर (b) अजमेर
(c) बाँसवाड़ा (d) जोधपुर

**51. कौन-सा युग्म सही है?**

| राजस्थान की स्थिति | कुल भौगोलिक क्षेत्र वर्ग किलोमीटर में |
|---|---|
| (a) 23°3' -30°12' N और 69°30'-78°17' E | 342239.74 |
| (b) 20°30'-30°13' N और 69°30-78°21'E | 342245.69 |
| (c) 23°25'-30°12' N और 69°29'-78°25' E | 342241.33 |
| (d) 23°28' -30°14' N और 69°21' 78°24' E | 342243.67 |

**52. राजस्थान राज्य का अक्षांशीय विस्तार है?**
(a) 23°3' दक्षिण से 30° 12' दक्षिण
(b) 23°3' उत्तर से 30° 12' उत्तर
(c) 23°3' उत्तर से 30° 12' दक्षिण
(d) 30°12' उत्तर से 2.3" 3' दक्षिण

**53. राजस्थान का देशान्तर विस्तार है-**
(a) 69°30' पूर्वी से 78°17' पूर्वी
(b) 69°30' पूर्वी से 78°17' पश्चिमी
(c) 69°30' पश्चिमी से 78'17' पूर्वी
(d) 69°30' पश्चिमी से 78°17' पश्चिमी

**54. राजस्थान राज्य का पूर्व-पश्चिम व उत्तर-दक्षिण देशान्तरीय तथा अक्षांशीय विस्तार है-**
(a) 7° 09' तथा 7° 47' (b) 8° 47' तथा 7° 09'
(c) 7° 47' तथा 8° 09 (d) 8 09' तथा 8° 47'

**55. राजस्थान के किन दो जिला मुख्यालयों का अक्षांश मान समान है**
(a) पाली-सवाईमाधोपुर (b) पाली-भीलवाड़ा
(c) उदयपुर-सिरोही (d) पाली-बाड़मेर

**56. कोटा की देशान्तरीय स्थिति है-**
(a) 73°-75" देशान्तर पूर्व
(b) 75°-77° देशान्तर पूर्व
(c) 72"-74" देशान्तर पूर्व
(d) 70-72" देशान्तर पूर्व

**ANSWER KEY**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. [a] | 2. [b] | 3. [b] | 4. [a] | 5. [b] |
| 6. [a] | 7. [c] | 8. [b] | 9. [a] | 10. [d] |
| 11. [b] | 12. [a] | 13. [c] | 14. [d] | 15. [a] |
| 16. [b] | 17. [b] | 18. [b] | 19. [a] | 20. [b] |
| 21. [a] | 22. [c] | 23. [d] | 24. [d] | 25. [d] |
| 26. [b] | 27. [a] | 28. [c] | 29. [b] | 30. [a] |
| 31. [b] | 32. [d] | 33. [c] | 34. [b] | 35. [d] |
| 36. [d] | 37. [d] | 38. [b] | 39. [a] | 40. [b] |
| 41. [b] | 42. [d] | 43. [b] | 44. [b] | 45. [a] |
| 46. [a] | 47. [c] | 48. [b] | 49. [c] | 50. [c] |
| 51. [a] | 52. [b] | 53. [a] | 54. [b] | 55. [d] |
| 56. [b] | | | | |

♦ ♦ ♦ ♦

मुश्किल परीक्षाएँ भी आसान लगेगी
जब तैयारी होगी लक्ष्य के साथ


लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# तृतीय श्रेणी (3rd Grade)

## अध्यापक भर्ती परीक्षा

## LEVEL-I and LEVEL-II

(हिन्दी, ENGLISH, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन, SCIENCE-MATH)




### - COURSE OFFERED -

- NOTES WITH LIVE FROM CLASSROOM BATCH
- MCQ BASED BATCH
- TASK BASED TEST SERIES
- NOTES WITH RECORDED BATCH
- OFFLINE CLASSROOM BATCH

### क्यों हैं लक्ष्य क्लासेज विशेष?

- व्यापक अध्ययन सामग्री
- MCQ की बुकलेट
- नियमित टेस्ट सीरीज
- पूर्णत: समर्पित यूट्यूब चैनल
- लाइब्रेरी सुविधा
- अनुभवी एवं योग्य फैकल्टी
- सुसज्जित स्मार्ट क्लासरूम
- ऑनलाइन एप्लीकेशन एक्सेस
- मासिक करंट अफेयर्स मैगज़ीन
- नियमित काउंसलिंग

Scan to Download Lakshya App Now

Google play

INSTAGRAM FACEBOOK YOUTUBE TELEGRAM

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

लक्ष्य क्लासेज™


M. 9079798005, 6376491126
Plot No 1104, Shiksha Mandir, Sec 4, Circle, Main Road, Udaipur